एतदर्थ मंडल (हिंदी भाषा परीक्षा), महाराष्ट्र शासन

भाषा संचालनालय, महाराष्ट्र राज्य,
प्रशासकीय भवन, ५ वीं मंजिल, डॉ. आंबेडकर उद्यान के निकट,
सरकारी कालोनी, बांद्रा (पूर्व), मुंबई-४०० ०५१.

निम्नश्रेणी परीक्षा

रविवार, दिनांक
(समय-- दोपहर २.०० से ४.४५ बजे तक)
[मौखिक परीक्षा का अवधि मिलाकर]
(कुल अंक - १००)

दूसरा प्रश्नपत्र--निबंध लेखन, पत्र लेखन, सार लेखन, अनुवाद इ.

सूचनाएँः-

१. प्रश्न क्र. ४ था को छोड़कर सभी प्रश्नों के उत्तर हिंदी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखें।
२. शुद्ध भाषा तथा सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।

गुण

प्रश्न १ ला **अ)** निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग पच्चीस-तीस पंक्तियों में निबंध लिखिए :- **२०**

१. प्रदूषण-बडी समस्या
२. मनोरंजन के आधुनिक साधन
३. एक भूकंप-पीड़ित की आत्मकथा
४. यदि बिजली न हो तो
५. संगणक का महत्व
६. संयुक्त परिवार के गुण-दोष
७. खुशामद की कला
८. हिन्दी राष्ट्रीय एकता का सूत्र है
९. अनुशासन की समस्या
१०. वृक्षारोपण
११. आदर्श विद्यार्थी
१२. अकाल पीड़ित की आत्मकहानी
१३. दूरदर्शन एक शाप या वरदान
१४. मेरी की हुई सैर
१५. मेरा प्रिय वैज्ञानिक
१६. सिनेमा से लाभ-हानि
१७. एक बाढ़ पीड़ित की आत्मकथा
१८. मेरी अविस्मरणीय यात्रा
१९. यदि रात न होती

२०. आतंकवाद एक समस्या
२१. मेरा प्रिय खिलाडी
२२. एक फटे जूते की आत्मकथा
२३. अगर परीक्षाएँ न होती
२४. विविधता में एकता
२५. वर्तमान शिक्षा के दोष
२६. मेरी महत्वकांक्षा
२७. गणतंत्र दिवस
२८. स्वतंत्रता दिवस
२९. मेरे स्वप्नों का भारत
३०. मेरा भारत महान
३१. सहृदयता, लाभ और हानि
३२. एक मिल की आत्मकथा
३३. मेरा प्रिय नेता
३४. मेरा /मेरी प्रिय अभिनेता / अभिनेत्री
३५. एक टॅक्सी ड्रायवर की आत्मकथा
३६. एक फटे किताब की आत्मकथा
३७. एक आदर्श विद्यार्थी
३८. मेरे जीवन का लक्ष्य
३९. परेशान हूँ इन मेहमानों से
४०. पर्यावरण को बचाओ
४१. भारत में दहेज की प्रथा
४२. पंचायत राज
४३. भारत में गणतंत्र का भविष्य
४४. जनसंख्या समस्या
४५. प्लॅस्टिक पर पाबंदी उचित या अनुचित
४६. भारतीय धर्मनिरपेक्षता
४७. महिलाओं का सशक्तिकरण
४८. बेरोजगारी की समस्या एवं समाधान
४९. बालमजदूरी की समस्या
५०. हड़ताल उचित या अनुचित
५१. सूचना का अधिकार
५२. लोक सेवा आयोग
५३. एडस् की समस्या
५४. हमारे राष्ट्रीय त्यौहार
५५. यदि सूरज न उगता

५६. पुराने छाते की आत्मकथा

५७. स्वतंत्रता दिवस

अथवा

आ) निम्नलिखित रूपरेखा के आधार पर ११ से १२ पंक्तियों तक एक कहानी लिखिए :-

१) किसी गाँव में अकाल---------- दयालु जमींदार द्वारा रोज लोगों को रोटियाँ बाँटना--------- कुछ लोगों को रोटी न लेना---------- रोटियों में एक छोटी रोटी बाकी रह जाना---------- छोटी रोटी लेने में संकोच---------- एक बालिका का छोटी रोटी लेना ---------- घर जाना ---------- रोटी तोड़ना ---------- रोटी में सोने का सिक्का निकलना ---------- लड़की का जमींदार के पास जाना ------- सोने का सिक्का लौटाना ---------- जमींदार की ओर से इनाम पाना ---------- शिक्षा ।

२) एक विद्यार्थी ---------- परीक्षा में असफल रहना---------- निराश आत्महत्या करने जंगल में जाना---------- एक मकडी द्वारा पेड़ पर बार-बार चढने का प्रयत्न करना---------- विद्यार्थी का देखना----------सफलता का मार्ग मिलना---------- वापस लौटना----------ध्यान से पढ़ना----------सफल होना।

३) एक गाँव ----------पालतू हाथी----------प्रतिदिन पानी पीने तालाब पर जाना---------- रास्ते में दर्जी की दुकान----------दोनों में मित्रता----------पानी पीने जाते समय हाथी को कुछ खिलाना----------लौटते समय दर्जी को कमल पुष्प देना ---------- एक बार दर्जी के मन में शरारत का विचार ---------- हाथी की सूँड में सुई चुभाना----------लौटते समय सूँड में कीचड भर लाना---------- दर्जी पर फेंकना।

४) एक जगल ---------- खरगोश को घमंड होना ---------- दौड में जीतने के लिए चुनौती देना ----------एक कछुए का चुनौती स्वीकार करना----------रेस शुरू होना----------खरगोश का बहुत आगे निकल जाना---------- एक पेड की छाया में सुस्ताना---------- जाग कर फिर भागना---------- कछुए का रेस जीत जाना---------- सीख।

५) एक भिखारी----------गरीबी और भूख से परेशान ---------- लक्ष्मी माता से प्रार्थना-------- देवी प्रसन्न----------वरदान----------सोने की मुहरें माँगना---------- देवी की शर्त-------- मुहरे झोली में लेना----------अगर मुहरें जमीन पर गिरेंगी तो मिट्टी बनेंगी---------- झोली फैलाना---------- मुहरों का झोली में आना---------- लालच बढ़ना----------झोली का फटना----------मुहरें जमीन पर गिरकर मिट्टी बनना---------- पछतावा।

६) जंगल में तालाब----------पानी में राजहंस का निवास---------- पड़ोस में पेड पर कौआ ---------राजहंस का रंग-रूप देखकर कौए का मन ही मन जलना---------- एक शिकारी का आना----------पेड के नीचे विश्राम करना----------मुँह पर धूप आना----------राजहंस का अपने पंखों द्वारा उस पर छाया करना----------कौए का दुष्ट भाव से शिकारी के सिर पर चोट करके उड जाना ------ शिकारी का जाग जाना ----- हंस को दोषी मानकर तीर मारना ----- सीख |

७) एक कुम्हार ---- एक मुर्गी ---- सोने का अंडा देना ------ रोज एक अंडा बाजार में बेचना ------ मन में लालच आना -----मुर्गी को मार देना | नतीजा ---- सीख |

८) एक जमींदार ------- बहुत से नौकर-चाकर------खेती की आमदनी का बढ़ना------मित्र की सलाह----- "सुबह खेत की सैर करो"---- कुछ नौकर गायब------ कुछ चीजें गायब-----रोज देख भाल----- आँखे खुलना-------खुद काम में लग जाना------सभी में उत्साह----- आमदानी बढ़ना-----सीख |

९) रूई का एक व्यापारी-----गोदाम में से रुई की चोरी------ सेठजी की तरकीब--- जिन पर शक था, ऐसे लोगों को भोजन का न्यौता-----आधा भोजन होने पर व्यापारी का कहना ------"चोर के दाढ़ी में तिनका" ---- चोर का दाढ़ी पर हाथ फेरना------ पकड़ा जाना ------सीख |

१०) रमेश और सुरेश दो मित्र-----घनिष्ठ मित्रता------एक दूसरे पर गहरा विश्वास-----संकट के समय एक दूसरे की सहायता का संकल्प----- जंगल की सैर----- रास्ते में भालू का मिलना ----रमेश का पेड़ पर चढ़ना-----असमर्थ सुरेश का जमीन पर लेटना------ भालू का पास आना------मरा समझकर चला जाना----रमेश का पेड़ से उतरकर पूछना------सुरेश के उत्तर से लज्जित होना------ क्षमा माँगना |

प्र.२ रा निम्नलिखित में से किसी **एक** पत्र का प्रारूप (नमुना) तैयार कीजिए | **१४**

१. कुवरजित / कविता नलावडे, प्रताप विद्यालय, शिरपूर रोड, चोपड़ा के प्रधानाध्यापक को अपने लिए दसवी कक्षा की पाठ्यपुस्तके "रोटरी क्लब पुस्तक पेढी" से देने के लिए प्रार्थनापत्र लिखता / लिखती है |

२. वासंती / वसंत पवार, गुरूकृपा, सिताबर्डी, नागपुर से स्नेह संम्मेलन समारोह का वर्णन करती हुई / करता हुआ, अपने मित्र / सहेली को पत्र लिखती / लिखता है |

३. सुहास / सुनंदा गावडे, रामदर्शन, कालाराम चौक, नासिक से प्रधानाधिकारी, महानगरपालिका नासिक को अपने बड़े भाई के विवाह के कारण दस दिनों की छुट्टी माँगने के लिए प्रार्थना पत्र लिखता / लिखती है |

४. सुरेश / सुनयना निकम, २२० गांधीनगर, जलगाँव से अपने मुख्याध्यापक, हिंदी विद्यालय, एम.आय.डी.सी.मार्ग, कुळगाँव को अपनी बीमारी के संबंध पत्र लिखता / लिखती है |

५. वसुधा पारेख, २४० कानसईनगर, अम्बरनाथ से व्यवस्थापक, हिंदी ग्रंथालय भंडार, चर्नीरोड, मुंबई को पत्र लिखकर निम्नलिखित पुस्तकें मँगवाती है |
१. अंगरेजी-हिंदी कोश- बुल्के
२. सुबोध हिंदी व्याकरण एवं रचना- वीरेंद्रकुमार गुप्त

६. सरीता शिंदे, भरणा नाका, खेड से एच.एस.सी. परीक्षा अच्छे नम्बरों से पास करने के लिए अपने भाई संतोष पवार, आर.ए.कालनी, गोरेगाव, मुंबई को पत्र लिखकर बधाई देती है |

७. गणेश / गौतमी चौहान, ११८ बी.डी.डी.चाल, वरली, मुंबई से अपने पिताजी के नाम पत्र लिखकर पाठशाला द्वारा आयोजित "सर्व शिक्षा अभियान प्रचार यात्रा" में सम्मिलित होने की अनुमति की माँग करता / करती है |

८. मनजीत / मनाली पेडणेकर, १४५ गीता नगर, कल्याण से अपने विभाग के व्यवस्थापक, महावितरण कंपनी के नाम पत्र लिखकर इस महीने का बिजली का बिल अधिकतम रकम का आने के कारण शिकायत करता / करती है |

९. करण / कुंती पाटील, सदाशिव पेठ, पुणे से अपने माता-पिता को पढ़ाई तथा स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देते हुए /देती हुई पत्र लिखता / लिखती है |

१०. राजेश / राजेश्वरी वर्मा, २८८ एकवीरा मार्ग, लोनावला से गजानन हिंदी ग्रंथ भंडार शनिपेठ, पुणे को पत्र लिखकर निम्न पुस्तके मँगवाता / मँगवाती है |
१. गोदान-प्रेमचंद
२. बृहत हिंदी कोश-सम्पादक कालिका प्रसाद

११. सौमित्र / सुमित्रा चटर्जी, ५२० योगदानाश्रम मार्ग, देवलाली, नासिक से अपने मित्र / सहेली को छुट्टियाँ बिताने के लिए अपने यहाँ आमंत्रित करते हुए पत्र लिखता / लिखती है |

१२. देवेंद्र जोशी, २९५ लक्ष्मी मार्ग, पुणे से अपने पिता को सेवानिवृत्त होने पर उन्हे शुभकामना देते हुए पत्र लिखता है |

१३. मोहन/मनोरमा देशपांडे, ३१० शिवाजी नगर, अमरावती से एस.एस.सी. परीक्षा में अधिकतम नम्बर मिलने संदर्भ में अपनी छोटी बहन को मार्गदर्शन पर पत्र लिखता / लिखती है |

१४. सुधाकर / सुधा ढाके, गव्हर्नमेंट कालोनी, बांदरा, मुंबई में गंदगी के कारण मच्छरों के प्रकोप की शिकायत के बारे में स्वास्थ्य अधिकारी, महानगरपालिका मुंबई को पत्र लिखता / लिखती है |

१५. शिरीष / शरयु राजे, ४१५ गडकरी रंगायतन मार्ग, ठाणे से अपने बड़े भाई के नाम पत्र लिखकर अपनी पाठशाला में मनाए गए रौप्य महोत्सवी वर्ष समारोह का वर्णन करता / करती है |

१६. कार्यालय हेतु पुस्तक मँगाने के लिए, शासकीय मध्यवर्ती ग्रंथ भांडार, चर्नीरोड, मुंबई-४००००४ को वैभव / वैशाली वर्मा, ३४० एम.आय.डी.सी.मार्ग, मुरबाड पत्र लिखता/ लिखती है |

१७. अविनाश / अर्चना पगारे, राहुरी कृषि विद्यापीठ मार्ग, राहुरी से विभागीय शिक्षणाधिकारी, महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षण मंडल, पुणे को. लिपिक (क्लर्क) की नोकरी के लिए आवेदनपत्र लिखता / लिखती है |

१८. मिलिंद / मानिनी नार्वेकर, १०९१ राजभवन पथ, मलबार हिल, मुंबई से बृहन्मुंबई महानगरपालिका वार्ड अधिकारी को वार्ड संबंधित सुविधा के लिए शिकायतीपत्र लिखता / लिखती है |

१९. शरद / शारदा ठाकूर, २५ विवेकानंद नगर, मालेगाँव से आयुक्त, महानगरपालिका मालेगाँव को बीमारी के कारण १० दिन की छुट्टी माँगने के लिए प्रार्थनापत्र लिखता / लिखती है |

२०. कुवर / कामना निकम, ३५० रामटेक, नागपूर से व्यवस्थापक, निर्मल संगणक केंद्र, सिताबर्डी, नागपूर को "संगणक ऑपरेटर" की नोकरी के लिए आवेदनपत्र लिखता / लिखती है |

२१. चंदुलाल / चाँदनी शाह, ९० अंतकृपा, शिवाजीनगर, जलगाँव से वार्ड के स्वास्थ्य अधिकारी महानगरपालिका जलगाँव की अपनी कालोनी में स्वच्छता अभियान प्रारंभ करने हेतु पत्र लिखता / लिखती है |

२२. रमेशचंद्रा/रश्मी वर्मा, १२० सुभाषनगर धुलियाँ से अपने मित्र / सहेली को एस.एस.सी.परीक्षा हेतु मार्गदर्शन एवं शुभ कामना देते हुए पत्र लिखता / लिखती है |

२३. मोहन /मनाली जोशी, ५७ पुष्पांजली नगर, अमरावती से व्यवस्थापक, गीता प्रेस प्रकाशन, गोरखपुर को निम्नलिखित पुस्तकों की प्रत्येकी दस प्रतियाँ पत्र लिखकर मँगवाता /मँगवाती है |
१. तुलसी रामायण
२. संपूर्ण महाभारत
३. श्रीमद भगवत गीता

२४. अध्यक्ष, कृष्णनगर निवासी मित्र मंडल, कर्जत से, व्यवस्थापक, महावितरण कंपनी, रायगड विभागीय कार्यालय, रायगड को भारनियमन में कटौती हेतु प्रार्थना पत्र देते है |

प्र.३ रा निम्नलिखित गद्यखंड पढकर उस पर पुछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए अथवा गद्य खंड का एक-तिहाई सार लिखकर उसे उचित शीर्षक दीजिए। **२०**

(१) डॉ.माशेलकर केवल वैज्ञानिक नहीं है, वरन एक कुशल प्रशासक और उत्तम संगठक भी हैं। वैज्ञानिकों में प्राय: न मिलने वाला, अपने वरिष्ठ और अधीनस्थ लोगों को साथ लेकर चलने का गुण आपमें है। उच्च पद और बड़े-बड़े सम्मान प्राप्त करने वाले ज्ञानभंडार माशेलकर जी सामान्य से सामान्य व्यक्ति से भी स्नेहभरा और मित्रता का व्यवहार करते हैं। आप अत्यंत नम्र, विश्वसनीय और सबसे सहज संवाद स्थापित करने वाले शास्त्रज्ञ हैं।

पॉलिमर विज्ञान और पेट्रो केमिकल्स माशेलकर जी के अध्ययन और शोध के मुख्य विषय रहे हैं। इन विषयों में आपने लगभग ढ़ाई सौ आलेख अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत किए हैं। आपने इस विषय से संबंधित बीस पुस्तकों का संपादन किया है। कुछ समय तक आप पुणे की "राष्ट्रीय रसायन प्रयोगशाला" के निदेशक थे। यहाँ उत्कृष्ट कार्य कर आपने इस संस्था को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुँचा दिया। आपके कार्य से प्रभावित होकर भारत सरकार ने आपकी नियुक्ति "भारतीय वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद" के महानिदेशक पद पर की। यह विश्व में अपने ढंग की एक अनूठी संस्था है। भारत की ३८ औद्योगिक अनुसंधान तथा विकास संस्थाओं से इसका संबंध है। विश्व में जिन तीन भारतीय अभियंताओं को "फेलो ऑफ रॉयल सोसायटी" का सम्मान मिला है, उनमें डॉ.रघुनाथ माशेलकर हैं।

प्रश्न :

१. डॉ.माशेलकर जी के विशेष गुण कौनसे है ? (४)
२. डॉ.माशेलकर जी ने विज्ञान के किन विषयों पर शोध कार्य किया ? (२)
३. डॉ.माशेलकर जी के उत्कृष्ट कार्य का वर्णन किजिए ? (४)
४. डॉ.माशेलकर जी ने कौन-कौन से उच्च पदो पर अपना योगदान दिया। (२)
५. डॉ.माशेलकर जी को किस विश्व सम्मान से संमानित किया गया ? (२)
६. डॉ.माशेलकर जी का कितनी संस्थाओं से संबंध था। (२)
७. डॉ.माशेलकर जीं ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कितनी पुस्तकों का संपादन किया ? (२)
८. उपरोक्त गद्य-खंड के लिए उचित शीर्षक दिजिए। (२)

(२) धर्मशाला तो प्राचीन काल की देन है और सराय तो बादशाही वक्त की यादगार है | अंग्रेजों के आने के साथ पश्चिमी सभ्यता आई, तो शहरों में होटल भी आए और इस तरह घर से बाहर ठहरने के स्थान हो गए--किसी मित्र-संबंधी का घर, धर्मशाला, सराय और होटल |

आप हों या मैं, किसी दूसरे नगर में जाने के लिए घर से चलते ही प्रश्न उठता है, ठहरें कहाँ ? किसी मित्र के घर, सराय में, धर्मशाला में या होटल में ? इसका उत्तर पाने के लिए एक और प्रश्न का उत्तर देना पडेगा कि आपकी जेब में पैसे हैं या नहीं ? यदि पैसे हों, तो आप सराय में या होटल में ठहर सकते हैं और न हों, तो फिर मित्र-संबंधी के घर या धर्मशाला में | सराय में कम और होटल में खर्च ज्यादा है, आराम भी कम-ज्यादा है | सराय में सादगी है, होटल में शान है | जो जैसा चाहे, चुनाव कर सकता है |

प्रश्न :

१. धर्मशाला और सराय किसकी देन है ? (२)
२. बाहर ठहरने का अच्छा प्रबंध कहाँ हो सकता है ? (२)
३. बाहर ठहरना किस बात पर निर्भर होता है ? (४)
४. सराय और होटल का अन्तर स्पष्ट किजिए | (४)
५. सराय और होटल में से आप किसे पसंद करेंगे और क्यों ? (४)
६. प्राचीन काल में धर्मशाला कहाँ पर होती थी ? (२)
७. उपरोक्त गद्य खंड के लिए उचित शीर्षक दिजिए | (२)

(३) संगणक में भरी गई जानकारी कोई अवांछित व्यक्ति प्राप्त न कर ले, इसके लिए संकेत-शब्द की योजना की जाती है। संकेत-शब्द को टंकित करने पर ही संगणक पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देता है, अन्यथा नहीं।

संगणक से प्रश्न पूछते समय सबसे पहले विषय से संबंधित अनुक्रमणिका को प्रस्तुत करने के लिए कहना चाहिए। फिर अनुक्रमणिका में से अपने विशिष्ट विषय की जानकारी प्रश्न पूछकर प्राप्त करनी चाहिए।

हम संगणक के परदे पर विशिष्ट जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस जानकारी को यदि कागज पर मुद्रित रूप में प्राप्त करना हो, तो हमें प्रिंटर (मुद्रक) की सहायता लेनी पड़ती है। प्रिंटर एक लंबे आकार का यंत्र होता है। यह यंत्र ' छाप दो ' आदेश मिलने पर संगणक के उत्तरों को कागज पर छापकर प्रस्तुत कर देता है।

यह स्पष्ट है कि भविष्य का युग संगणक का है । भविष्य में विद्यार्थियों को उनकी कक्षा की सारी पुस्तकों के पाठ, उन पाठों के सारे प्रश्न और उत्तर किसी फ्लापी में भरे-भराए रुप में मिल सकेंगे।

प्रश्न :

१) संकेत-शब्द की योजना किस कारण की जाती है?
२) संगणक पूछे गए प्रश्नों का उत्तर कब देता है?
३) संगणक से प्रश्न पूछने की प्रक्रिया कौनसी है?
४) प्रिंटर की जानकारी दिजिए।
५) भविष्य में संगणक का उपयोग विद्यार्थियों को कैसे होगा?
६) उपरोक्त गद्य-खंड के लिए उचित शीर्षक दिजिए।

(४) जो मैं नहीं कर सकता, वह मेरे घर का चूहा कर लेता है। जो इस देश का सामान्य आदमी नहीं कर पाता, वह इस चूहे ने मेरे साथ करके बता दिया।

इस घर में एक मोटा चूहा है। जब छोटे भाई की पत्नी थी, तब घर में खाना बनता था। इस बीच पारिवारिक दुर्घटनाओं के कारण हम लोग बाहर रहे।

इस चूहे ने अपना यह अधिकार मान लिया था कि मुझे खाना इसी घर में मिलेगा। ऐसा अधिकार आदमी भी अभी तक नहीं मान पाया, चूहे ने मान लिया है। लगभग पैंतालीस दिन घर बंद रहा। मैं जब अकेला लौटा, घर खोला, तो देखा कि चूहे ने काफी क्राकरी फर्श पर

गिराकर फोड़ डाली है। वह खाने की तलाश में भड़भड़ाता होगा। क्राकरी और डिब्बों में खाना तलाशता होगा । उसे खाना नहीं मिलता होगा,तो वह पड़ोस में कहीं कुछ खा लेता होगा और जीवित रहता होगा। पर घर उसने नहीं छोड़ा। उसने इसी को अपना घर मान लिया था।

जब मैं घर में घुसा, बिजली जलाई; तो मैंने देखा कि वह खुशी से चहकता हुआ यहाँ से वहाँ दौड़ रहा है। वह शायद समझ गया कि अब इस घर में खाना बनेगा, डिब्बे खुलेंगे और उसकी खुराक उसे मिलेगी।

प्रश्न :

(१) आम आदमी नही कर सका वह चूहा कर सकता है यह लेखक ने किस प्रकार स्पष्ट किया है।
(२) लेखक का घर बंद होने पर चूहे ने घर की दशा कैसी की थी?
(३) चूहे का घर प्रति लगाव किस प्रकार का था।
(४) चूहा किस कारण खुशी से चहकता नजर आया।
(५) लेखक के घर में कितने सदस्य थें? और वह घर बंद करकें क्यों गयें थें ?
(६) लेखक का चूहें के प्रति लगाव क्यों हुआ यह अपने शब्दोमें स्पष्ट किजिए।
(७) उपरोक्त गद्यखण्ड को उचित शीर्षक दिजिए।

(५) माधवपुर में कुछ बुद्धिमान लोग थे। नगर पर जो आफत आई उससे उन्हें बड़ी चिंता हुई। उन्होंने लोगों को समझाया, "भाइयो! जरा सोचकर तो देखो, तन तोड़कर पैसा कमाकर उसे इस तरह क्यों नाहक उड़ा देते हो? वह जादूगर बड़ा शैतान, धोखेबाज है। वह जो बेचता है वह दवा नहीं है, शराब है। उससे नशा चढ़ता है। वह तुम लोगों को ठगकर तुम्हारे पैसे छीनकर, तुम सबको गहरे गड्ढे में ढकेल रहा है। उसके पास मत जाओ।

"लेकिन उनकी बातों का किसी पर कोई असर नहीं हुआ। एक बार जो जाल में फँसे वे फँसे ही रहे । वे कहने लगे", पैसे जाएँ, चाहे जो हो, उस दवा में कैसा मजा है! वह तो चिंताओं को भगा देती है, थकावट को दूर करती है, भूख को मिटाती है, जोश पैदा करती है और फिर जरुरत ही किस बात की है?

मगर जो लोग उसके जान में नहीं फँसे थे, वे बुद्धिमानों की बातों से सचेत हो गए। वे उस व्यापारी की जादूगरी को समझ गए। वे लोग एक साथ मिलकर राजा के पास गए और उन्होंने अपनी रामकहानी सुनाई।

प्रश्न

(१) माधवपुर के बुध्दिमान लोगोंने गाँव के लोगों को किस बारे में सावधान किया?
(२) जादूगर व्यापारी लोगों को किस प्रकार ठग रहा था।
(३) जादूगर व्यापारी के चंगुल में फँसे लोगों ने बुध्दिमान लोगों की बात क्यों नही मानी?
(४) लोग अपनी राम कहानी सुना ने किस के पास गए और क्यों?
(५) "शराब" पिने के से क्या होता है।
(६) "शराब एक बुरी बला" इस संदर्भ में मत प्रदर्शन किजिए।
(७) उपरोक्त गद्यखण्ड को उचित शीर्षक दिजिए।

(६) कभी - कभी ऐनक बड़ी सहायता दे जाता है। एक बार एक बाबूसाहब थे । बड़े ठाठ बाट से रहते थे, पर अंग्रेजी नहीं जानते थे । रेल से जा रहे थे, बगल में देहाती बैठा था जो कचहरी के काम से कहीं जा रहा था। उसने अपने बस्ते में से एक कागज, जो जज का फैसला था, निकालकर बाबूसाहब को दिया और कहा, "इसमें क्या लिखा है, जरा पढ़ दीजिए"। देख रहा था कि बाबूसाहब ने नीचे का भाग ऊपर करके उलट लिया और एक मिनट के बाद जेब में हाथ इधर -उधर डालकर कहने लगे -"चश्मा घर भूल गया । पढ़ नहीं सकता"। मुझे हँसी आ गई। अगर चश्मा होता तो बाबूसाहब की शान कैसे रह जाती ?

प्रश्नः

(१) देहाती को बाबूसाहब से कौन सी उम्मिद थी ?
(२) बाबूसाहब ने अपनी शान किस प्रकार बनाई रखी ?
(३) देहाती किस काम जा रहा था।
(४) तुरंत पुछे गऐ सवाल के उत्तर देने हेतु चश्मेका कैसा प्रयोग कीया जाता है।
(५) व्याख्यान दाताओ के लिए चश्मा किस प्रकार काम आता है?
(६) लेखक नें हास्यव्यंग्य के दृष्टी से चश्मे का प्रयोग किस प्रकार किया है।
(७) उपरोक्त गद्यखण्ड को उचित शीर्षक दिजिए।

(७) जब कर्जदार लगभग एक घंटे के बाद अपने सर्वनाश पर विचार करता हुआ अदालत में आया, तो उसे यह जानकर अत्यंत आश्चर्य हुआ कि उसका सारा कर्ज चुका दिया गया है और वह अब स्वतंत्र है। तब तो उसने सारे दिन उस आदमी की खोज की जिसने बिना किसी स्वार्थ के उसके साथ इतनी भलमनसाहत बरती थी। बाद में भी वह काफी खोजबीन करता रहा। यह संदेह तो उसे था ही कि यह वही आदमी होगा जिसने पहले दिन घाट पर उससे जबरदस्ती सारे मामले की बातें खोद-खोदकर पूछी थीं। मगर कभी उसे यह पता नहीं चल सका कि उस दयालु आदमी का क्या नाम था और वह क्या करता था। न ही स्वयं विद्यासागर ने कुछ बात उसे बताई।

श्री ईश्वरचंद्र विद्यासागर इस तरह के आदमी थे कि अपने बाएँ हाथ तक को यह पता नहीं लगने देते थे कि उनके दाएँ हाथ ने क्या दिया और किसे दिया।

प्रश्नः

(१) कर्जदार को आश्चर्य क्यों हुआ ? और प्रथमत: उसने किसकी खोज की?
(२) कर्जदार को घाट पर कौन मिला था? और उसने कर्जदार को अपना परीचय क्यो नही दिया?
(३) श्री ईश्वरचंद्र विद्यासागर किस प्रकार के आदमी थे?
(४) "भलमनसाहत बरत ना" इस शब्द प्रयोग का पर्यायी सुलभ हिंदी में अर्थ स्पष्ट कर के वाक्य में प्रयोग लिखिए
(५) कर्जदार अपने बारे में किस बातपर विचार करता है?
(६) उपरोक्त गद्यखण्ड को उचित शीर्षक दिजिए।

(८) एकता का सबसे सुंदर उदाहरण पेश करनेवाले पक्षी हैं, कौए। एक कौआ अगर किसी कारणवश मर जाए, तो अनेक कौए इकट्ठे होकर काँव-काँव करने लगते हैं, मानो मृत्यु के कारणों पर विचार -विनिमय कर रहे हों। इसी प्रकार यदि कोई कौआ अन्य कौओं की दृष्टि में कोई अनुचित काम करता है, तो कौओं की सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाता है और

दोषी कौए को समुचित दंड दिया जाता है। कौआ चालाक और चतुर तो है, किंतु कोयल से ज्यादा नहीं। कौआ जब आहार की तलाश में बाहर निकल जाता है, तो कोयल चुपके से कौए के घोंसले में अपने अंडे रखकर उड़ जाती है। किंतु कोयल को अगर कौआ देख ले, तो फिर उसकी खैर नहीं। कौआ चोंच मार-मारकर कोयल को घायल कर देता है। ऐसे में कोयल की चतुराई काम नहीं आती और उसे अपने प्राणों से हाथ धोना पड़ता है।

वैसे तो कौआ पालने की हमारे यहाँ कोई प्रथा नहीं है, किंतु इस पक्षी की उपयोगिता है। फसलों को नष्ट करनेवाले कीड़े - मकोड़ों को खाकर ये किसानों की सेवा करते है । इतना ही नहीं, पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी इन कीटभक्षी पक्षियों की अहम भूमिका होती है।

प्रश्नः

(१) "कौए एकता का एक उदाहरण" यह विचार स्पष्ट किजिए।
(२) कौआ और कोयल तुलना स्पष्ट किजिए।
(३) कौए की कीटभक्षी पक्षियों की भूमिका स्पष्ट किजिए।
(४) कोयल कौए के घोंसले में क्यो जाती है?
(५) कौओ की अनुचित काम हेतु समुचित दंड परंपरा क्या है।
(६) "कौए किसान मित्र" यह कल्पना स्पष्ट किजिए।
(७) उपरोक्त गद्यखण्ड को उचित शीर्षक दिजिए।

(९) हम अक्सर शिकायत किया करते हैं- समय के अभाव की, समय न मिलने की। पत्र का उत्तर न दे सका - समयाभाव के कारण; कसरत नहीं कर सकता- समय न मिलने के कारण और लिख- पढ़ नहीं पाता -समय की कमी के कारण। किंतु हम यदि सही ढंग से आत्म-विश्लेषण करें, तो हम पाएँगे कि हमारी शिकायतें अक्सर गलत होती हैं। यह हमारा आलस्य है, जो सदैव समय के अभाव की दुहाई दिया करता है। वस्तुतः कोई भी ऐसा व्यक्ति नहीं, जो व्यस्तता के बीच भी उन कामों को न कर सके , जिन्हें करना वह अनिवार्य मानता है।

नेहरूजी कितने व्यस्त रहते थे । भारत के प्रधानमंत्री के नाते उनपर कितना दायित्व था । कुछ दिन पहले उनके साथ काम करनेवाले एक सज्जन से बातें करने का सौभाग्य मिला। बताने लगे, "नेहरूजी के पास रोज इतनी सारी फाइलें जाती थीं, किंतु दूसरे दिन वे उन सभी को निपटाकर वापस भेज देते थे। जहाँ तक बस चलता, एक दिन की भी देर न करते । जरा सोचिए , उनकी व्यस्तता को । वे दिन भर न जाने कितने आदमियों से मुलाकात करते थे, कितनी गंभीर समस्याओं पर विचार-विमर्श करते थे; फिर भी वे व्यस्त जीवन में से कुछ समय अपने दैनिक व्यायाम और मनोरंजन के लिए भी निकाल ही लेते थे।"

प्रश्नः

(१) अक्सर किस बात की शिकायत की जाती है और क्यों?
(२) लेखकने आत्म- विश्लेषण करने को क्यों कहाँ है।
(३) नेहरूजी अपने व्यस्त जीवन में किन कामों के लिए समय निकालते थे?
(४) नेहरुजी हमेशा काम में व्यास्त रहते थे यह बात अपने शब्दों मे स्पष्ट किजिए।
(५) आदमी का सबसे बड़ा शत्रू कौन है यह स्पष्ट किजिए।
(६) उपरोक्त गद्यखण्ड को उचित शीर्षक दिजिए।

(१०) प्रकृति में अनेक प्रकार के किटाणु होते हैं। मनुष्य के शरीर में जब ये बाहरी कीटाणु पानी, हवा अथवा अन्न के माध्यम से प्रवेश करते हैं, तो ये वहीं जम जाते हैं। जिसके शरीर में प्रतिकार - शक्ति होती है, उसपर इन जीव- जंतुओं का असर नहीं होता । यदि प्रतिकार - शक्ति न हो,या कम हो; तो ये किटाणु वहीं बढ़ते हैं और मनुष्य बीमार हो जाता है। अधिकांश बीमारियों पर दवाओं से नियंत्रण किया जाता है। परंतु कुछ ऐसी बीमारियाँ हैं, जिनपर नियंत्रण करना कठिण हो जाता है। ऐसी ही एक बीमारी है, प्लेग।

संसार में बहुत अधिक मौतें प्लेग की बीमारी के कारण हुई हैं।सन १६६५ में इसी बीमारी से लंदन में हजारों लोग मर गए थे। इसे "ग्रेट प्लेग" नाम दिया गया था । सन १८९५ से ९६ के बीच प्लेग भारत में तेजी से फैला और इसमें मरनेवालों की संख्या भारत में करीब १२ लाख थी।

१८९६ से इस बीमारी के संबंध में वैज्ञानिकों ने अध्ययन शुरू किया। प्लेग के किटाणुओं का अध्ययन करने के बाद सन १८९६ में डा. हाफकिन ने प्लेग पर नियंत्रण करनेवाली दवा खोज निकाली। जनवारी १८९७ में उन्होंने परीक्षण के लिए प्लेग - प्रतिरोधक टीका स्वयं को लगवाया। उन्हें इस शोध में सफलता मिली। बाद में इस टीके का उत्पादन भी शुरू हुआ। विश्वभर से इस टीके की माँग आने लगी । डा. हाफकिन के नाम पर हाफकिन इन्स्टिट्यूट आज भी मुंबई में कार्यरत है।

प्रश्नः

(१) मनुष्य के शरीर में किटाणु कौन कौन से माध्यमो व्दारा प्रवेश करते है ?
(२) शरिरीक प्रतिकारशक्ति का महत्व विषद किजिए।
(३) "प्लेग" एक घातक बीमारी यह स्पष्ट किजिए।
(४) "प्लेग" पर नियंत्रण पाने वाली दवा किसने खोज निकाली यह विषद किजिए।
(५) डा. हाफकिन जी के महत्वपूर्ण शोध कार्य की जानकारी अपने शब्दों मे दिजिए।
(६) उपरोक्त गद्यखण्ड को उचित शीर्षक दिजिए।

(११) हम अमरनाथ की गुफा से बहूत ऊँचाई पर थे । अब हमें इस हिमसरोवर का, जो संभवत: एक किमी लंबा होगा, पार करके दूसरी तरफ नीचे गुफा तक जाना था। हम लोगों ने सोचा कि चढ़ाई खत्म होने से हमारी मुश्किलें भी खतम हो गई होंगी, इसलिए बहुत थके होने पर भी हमने यात्रा की यह मंजिल भी तय करनी शुरू की। इसमें बड़ा धोखा था, क्योंकि वहाँ दरारें बहुत- सी थीं, और ताजा गिरनेवाली बर्फ खतरनाक दरारों को ढँक देती थी। इस नई बर्फ ने ही मेरा करीब-करीब खात्मा कर दिया होता। क्योंकि मैंने ज्यों ही उसके ऊपर पैर रखा, वह धँस गई और मैं धम से नीचे एक विशाल दरार में, जो मुँह बाए हुए थी, जा गिरा । यह दरार बहुत बड़ी थी और कोई भी चीज उसमें बिलकुल नीचे पहुँचकर हजारों वर्ष बाद तक भूगर्भशास्त्रियों की खोज के लिए सुरक्षित रह सकती थी। लेकिन मेरे हाथ से रस्सी नहीं छूटी और मैं दरार की बाजू को पकड़े रहा और ऊपर खींच लिया गया। इस घटना से हम लोगों के होश तो ढीले हो गए थे, पर फिर भी हम लोग आने चलते ही गए। लेकिन दरारों की तादाद और इनकी चौड़ाई आगे जाकर और भी बढ़ गई ।इनमें कुछ को पार करने के साधन भी हमारे पास न थे, इसलिए अंत में हम लोग थके- माँदे हताश हो लौट आए और इस प्रकार अमरनाथ की गुफा अनदेखी ही रह गई।

प्रश्नः

(१) अमरनाथ गुफा की ओर जानेवाला मार्ग कैसा था।

(२) लेखक को यात्रा की मंजिल पाने में किस प्रकार की मुश्किलें आयी और उसने मुश्किलों का सामना किस प्रकार किया।

(३) लेखकने विशाल दरारों का वर्णन किस प्रकार किया है।

(४) "होश ढीले होना" इस मुहावरे का सुलभ हिंदीमे अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग किजिए।

(५) अमरनाथ की गुफा अनदेखी क्यों रह गयी ?

(६) उपरोक्त गद्यखण्ड को उचित शीर्षक दिजिए।

(१२) चंदन खड़ा हुआ और बोला, "मै आप सबका बेटा हूँ .. मैं गाँववाला हूँ | मैं आपको कोई उपदेश देने नहीं आया .. मै जानता हूँ कि यहाँ दो आदमी ऐसे भी हैं, जिनको यह सिखाया गया है कि मौका देखते ही वे मेरा सिर तोड़ दें | पर मैं तो सिर्फ एक ही बात पूछना चाहता हूँ कि आप लोग गाँव में क्यों रहते हैं, एक दूसरे के पड़ोस में क्यों रहते हैं ? अलग-अलग बहुत-बहुत दूर क्यों नहीं रहते ? आप कहेंगे कि हम पास-पास इसलिए रहते हैं कि एक दूसरे की मदद कर सकें | अब मैं पूछता हूँ कि मैकू को पंडित मातादीन ने बैल क्यों नहीं दिया ? चतुरी काका को खाद की जरूरत थी | चौधरी हरभजनसिंह ने अपने ढेर में से उन्हें खाद क्यों नहीं दी ? हम लोग गरीब किसान हैं | अगर हम एक दूसरे की मदद नहीं करेंगे, तो हमारी उन्नति कैसे होगी ? आप जानते हैं कि अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता | अपने उन कबूतरों की कहानी भी बच्चों को सुनाई होगी, जो एक साथ मिलकर जाल उड़ा ले गए थे | फिर हम क्यों नहीं संगठित हो सकते ? सहयोग करना आदमी का जन्मजात स्वभाव है | आज हम इसी को सहकारिता कहते हैं | सहकारिता की भावना को फिर से जगाएँ और खोए हुए सुख को वापस पा लें |"

प्रश्नः

१. चंदन ने गाँव वालों से क्या कहाँ ? (४)

२. गरीब किसानों की उन्नती किस पर निर्भर है | (२)

३. चंदन ने गाँववालों को एकता महत्त्व किस प्रकार समझाया ? (४)

४. चंदन ने गाँववालों को खोए हुए सुख को वापस पाने का कौनसा तरिका बनाया है | (३)

५. "अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता" इस कहावत का हिंदी में सरल अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग किजिए ? (३)

६. आदमी का जन्मजात स्वभाव क्या है सोदाहरण स्पष्ट किजिए | (२)

७. उपरोक्त गद्यखण्ड को उचित शीर्षक दिजिए ? (२)

(१३) पुस्तक का मानवजीवन में बहुत महत्त्व है | मानव ने सर्वप्रथम पुस्तक का आरंभ अपने अनुभूत ज्ञान को विस्मृति से बचाने के लिए किया था | विकास के आदिकाल में पत्ते, ताड़पत्र, ताम्रपत्र आदि साधन इस ज्ञानसंग्रह के सहायक रहे हैं, ऐसा पुस्तक का इतिहास स्वयं बताता है | पुस्तकें मानव को अपना अनुभव विस्तृत करने में सहायक होती हैं, साथ ही उन्होंने अपने पूर्वजों के सभी प्रकार के कृत्यों को जीवित रखने की जिम्मेदारी भी सँभाली हुई है | आज के युग में प्राचीन वीरों, धार्मिक महात्माओं, ऋषियों, नाटककारों, कवियों आदि का पता हम इन्हीं पुस्तकों के सहारे पाते हैं | पुस्तकें ही अंतरराष्ट्रीय विचारक्षेत्र में विभिन्न देशों के दृष्टिकोणों को एक आधार पर सोचने के लिए बाध्य करती हैं |

प्रश्न :

१. मानव ने पुस्तक का आरंभ किसलिए किया था ? (४)
२. पुस्तकें मानव की किस तरह सहायक है ? (४)
३. पुस्तकों से हमें किनकी जानकारी मिलती है ? (४)
४. पुस्तक का इतिहास क्या बताता है ? (२)
५. पुस्तके हमें क्या सोचने के लिए बाध्य करती है ? (२)
६. किसका पत्ता हम पुस्तकों के सहारे पाते हैं | (२)
७. उपर्युक्त गद्यखण्ड को उचित शीर्षक दिजिए ? (२)

(१४) संपादकाचार्य बाबूराव विष्णू पराड़कर का हिंदी भाषा तथा साहित्य के विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान है | हिंदी पत्रकारिता के तो आप जनक ही थे | पत्रकारिता को समृद्ध करने के साथ ही उसके माध्यम से आपने राष्ट्रीय जागरण तथा चेतना का प्रसार किया | अपने मामा श्री.देउसकरजी की प्रेरणा से आप कलकत्ता गए | प्रकट रूप में तो आप पत्रकारिता का कार्य करते थे पर आपका मुख्य लक्ष्य था क्रांतिकारी दल में कार्य करना | आपका संबंध योगिराज अरविंद, वारींद्र घोष, रासबिहारी बसु आदि से था | सरदार भगतसिंह के सहयोगी श्री.राजगुरू के तो आप काशी में अभिभावक ही थे | क्रांतिकारियों के सहयोगी होने के नाते अँग्रेज सरकार ने सन १९१६ में राजद्रोह के अभियोग में गिरफ्तार कर अनेक वर्षों तक विभिन्न स्थानों में आपको नजरबंद रखा |

प्रश्न :

१. पत्रकारिता के माध्यम से श्री.बाबूराव विष्णू पराड़करजी ने कौन-सा महत्त्वपूर्ण कार्य किया ? (४)
२. श्री.पराड़करजी ने किस कार्य में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है ? (४)
३. अंग्रेज सरकार ने श्री.पराड़करजी को क्यों गिरफ्तार किया ? (४)
४. श्री.पराड़करजी का मुख्य लक्ष्य क्या था ? (२)
५. श्री.पराड़करजी का संबंध किन-किन लोगों से था ? (२)
६. अंग्रेज सरकारने श्री.पराड़करजी के साथ कैसा व्यवहार किया | (२)
७. उपरोक्त गद्यखण्ड को योग्य शीर्षक लिखिए ? (२)

(१५) मनुष्य तो मनुष्य ही है | पशु-पक्षी जहाँ जन्म लेते हैं, अपने उस देश को प्रेम करते हैं | जंगल में पैदा हुए किसी जानवर को आप पिंजड़े में बंद कर सकते हैं, उसे लाख आराम पहुँचाने की कोशिश कर सकते हैं, पर वह सुखी नहीं हो सकता | उसे तो अपने जंगल का देश ही प्यारा लगता है | उसी तरह मुक्त आकाश में उड़ने वाले पक्षी को पिंजड़े में बंद कर सब तरह का सुख पहुँचाना चाहें, तो भी वह कदापि सुखी नहीं हो सकता | उसका देश खुला आकाश, पेडों की शाखाएँ और घोंसला है | वहाँ वह धूप, वर्षा और ठंड के कष्ट सहकर भी सुखी रह सकता है |

प्रश्न :

१. पक्षी का देश कौन-सा है ? (४)
२. पक्षी सुखी कैसे हो सकता है ? (४)
३. पशु-पक्षी किस देश से प्रेम करते है ? (४)
४. पशु-पक्षी कौनसा कष्ट सहकर भी सुखी रह सकते है ? (२)
५. जंगल में पैदा जानवर सुखी क्यों न हो सकता है ? (२)
६. इस गद्यखण्ड से हमें क्या सीख मिलती है ? (२)
७. इस गद्यखण्ड को उचित शीर्षक दिजिए | (२)

प्र.४ था निम्नलिखित गद्यखंड का मराठी या अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए। **२०**

१. औद्योगिकरण में महाराष्ट्र का अग्रणी स्थान बनाए रखने के लिए और राज्य में सीधे विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास किये जायेंगे। राज्य में सूचना प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने और उसे गति प्रदान करने के लिए सरकार प्राथमिकता देगी।

श्रमिकों के न्यूनतम वेतन में सुधार करने के उपाय किये जाएँगे। बाल मजदूरों का शोषण रोकने के लिए योजना कार्यान्वित की जाएगी।

राज्य सरकार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, विमुक्त जाति तथा खानाबदोश जनजातियों के कल्याण पर प्राथमिकतापूर्वक ध्यान देगी। जनजाति उपयोजना और विशेष घटक योजनाओं का सक्रिय और कड़ाई से कार्यान्वयन करके इन घटकों को सामाजिक न्याय और आर्थिक विकास के भरपूर अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे ।

२. राज्य अल्पसंख्यक आयोग पुनःस्थापित करने का इस धर्मनिरपेक्ष सरकार का इरादा है। अल्पसंख्यक समाज में सुरक्षितता और अपनेपन की भावना जागृत हो इस दृष्टि से उचित नीतियों पर सरकार पहल करेगी। अल्पसंख्यक समाज की आर्थिक प्रगति होने के लिए, सरकार आवश्यक उपायों का सुझाव देने हेतु एक एजेंसी तय करेगी।

कुछ अरसे पहले स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं के जो प्रशासकीय अधिकार हटा लिये गये थे वह उन संस्थाओं को पुनः बहाल किये जाएँगे। राज्य के आर्थिक विकास में सहकारिता आंदोलन की अहम भूमिका रही है, इस बात को ध्यान में रखकर उनकी स्वायतत्ता बरकरार रखने और उनमें नव चेतना फूँकने का भरसक प्रयास किया जाएगा।

३. हम, अपनी चिंता करते रहें तो कोई हमारी चिंता करने वाला नहीं है। यदि हम औरों की चिंता करें, तभी वे भी हमारी चिंता करेंगे। जो हमें जीविका देता है, उसका काम हमने निष्ठा और वफादारी से किया तो हमारी जीविका चलती रहेगी। पर काम तो दमड़ी का करें और उम्मीद करें कि पहली तारीख को अशरफी मिले, तो हम जैसा हाथी पालने वाला कौन महामूर्ख होगा ? रोज-रोज मुर्गी की हिफाजत और परवरिश करें, तो वह हमें सोने का अंडा देती रहेगी पर रोज की मेहनत के आलस से या अति लोभ से हम सभी अंडे निकालने के लिए उसका पेट चीरेंगे, तो कुछ भी हाथ नहीं लगेगा। इसलिए हमें जोर देना है, अपने दैनिक कार्य और उत्तरदायित्व पर।

४. सब कुछ उलट-पुलट मिलता, पर अलमारी या बक्से का ताला लगाने का नाम लेते ही अमित कानों पर हाथ रख लेते।

किसी तरह वह अपने को एडजस्ट कर रही थी कि ट्रेनिंग का आर्डर आ पहुँचा। पिछली बार वह अपनी गर्भावस्था के कारण छुट्टी पा गई थी, पर सरकारी आदेश को बार-बार तो नकारा नहीं जा सकता! दो साल की मोना को माँ के पास और चार साल के मुकुल को सास के पास रखकर जाते हुए उसका मन छलनी हो गया था। उसके बाद तो मुकुल जैसे दादी का ही होकर रह गया था। उसको अँग्रेजी स्कूल में दाखिला मिल गया था।

दो साल बाद मोना को भी बुला लिया गया। बेचारी लड़की गाँव में बरबाद हो

जाएगी। आभा फिर अकेली पड़ गई। जिस समय उसके बच्चों को उसकी जरूरत थी, वह दूसरे बच्चों में सिर खपाती रही।

५. जीवन जोखिम से भरा है, गुफामानव ने जब भी आग जलाई, उसने जल जाने का खतरा उठाया। जीवनयापन के आधुनिक तरीकों ने कुछ खतरों को कम किया है, पर कुछ खतरे अनेक गुना बढ़ गए हैं। ये खतरे नुकसान और शारीरिक चोट के रूप में हैं। हम सभी अपने दैनिक जीवन में जोखिम उठाते हैं। जैसे जब हम सड़क पार करते हैं, स्टोव जलाते हैं, कार में बैठते हैं, खेलते हैं, पालतू जानवरों को दुलारते हैं, घरेलू कामकाज करते हैं या केवल पेड़ के नीचे बैठे होते हैं, तो हम जोखिम उठा रहे होते हैं। इन जोखिमों में से कुछ तात्कालिक हैं, जैसे जलने का, गिरने का या अपने ऊपर कुछ गिर जाने का खतरा। कुछ खतरे ऐसे हैं, जिनके प्रभाव लंबे समय के बाद सामने आते हैं। जैसे लंबे समय तक शोर-गुल वाले पर्यावरण में रहने वाले व्यक्तियों की श्रवणशक्ति कम हो सकती है।

